भारत सरकार
युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय
(खेल विभाग)

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या 2689

उत्तर देने की तारीख 19 दिसम्बर, 2023
28 अग्रहायण, 1945 (शक)

ग्राम पंचायतों में ओपन जिम

2689. श्री रवि किशन:
श्री रविन्दर कुशवाहा:
श्री महाबली सिंह:

क्या युवा कार्यक्रम और खेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या राज्य फिट इंडिया मूवमेंट के अनुरूप प्रत्येक ग्राम पंचायत में ओपन जिम स्थापित कर रहे हैं;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या सरकार ओपन जिमों के प्रचालन हेतु कोई वित्तीय सहायता प्रदान कर रही है; और

(घ) यदि हां, तो अब तक स्थापित किए गए ओपन जिमों का राज्य-वार ब्यौरा क्या है?

उत्तर

युवा कार्यक्रम और खेल मंत्री
(श्री अनुराग सिंह ठाकुर)

(क) से (घ): 'खेल' राज्य का विषय होने के कारण प्रत्येक ग्राम पंचायत में ओपन जिम स्थापित करने और उनके संचालन हेतु वित्तीय सहायता प्रदान करने सहित खेलों के विकास का उत्तरदायित्व मुख्य रूप से राज्य/ संघ राज्यक्षेत्र की सरकारों का होता है। केंद्र सरकार केवल उनके प्रयासों में सहायता करती है। तथापि, यह मंत्रालय खेलो इंडिया स्कीम के ''खेल अवसंरचना के निर्माण और उन्नयन'' घटक के तहत खेल उपकरण सहित खेल परिसर, सिंथेटिक एथलेटिक्स ट्रैक, सिंथेटिक हॉकी फील्ड, सिंथेटिक टर्फ फुटबॉल मैदान, बहुउद्देशीय हाल, स्वीमिंग पूल आदि जैसी बुनियादी खेल अवसंरचनाओं के निर्माण के लिए वित्तीय सहायता प्रदान करता है। इसके अलावा, राष्ट्रीय खेल विकास निधि (एनएसडीएफ) के तहत, सरकार देशभर में खेल सुविधाओं के निर्माण और उन्नयन के लिए विभिन्न संस्थानों और व्यक्तियों को सहायता प्रदान करती है। अब तक इस मंत्रालय ने देशभर के विभिन्न राज्यों/संघ राज्यक्षेत्रों में विभिन्न श्रेणियों में 341 खेल अवसंरचना परियोजनाओं को मंजूरी दी है।

*****